रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

रविवार, 01 जुलाई 2018, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण www.livehindustan.com

छात्रों को रैगिंग-नशे से दूर रहने की सीख

ग्रेटर नोएडा | संवाददाता

शहर के नॉलेज पार्क स्थित बिमटेक कॉलेज में पीजीडीएम के छात्रों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई करने के दौरान नशे से दूर रहने और रैगिंग से दूर रहने पर बात की गई। विद्यार्थियों को जिले के एसएसपी ने संबोधित किया।

एसएसपी डा. अजयपाल शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय सबसे ज्यादा ध्यान पढ़ाई में देना चाहिए। नशे की लत से आप सभी को दूर रहना चाहिए। वहीं कालेज में रैगिंग न हो इसके लिए सभी को ध्यान देना चाहिए, उन्होंने अपनी सिविल सेवा का भी अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किया। साथ ही छात्राओं से कहा कि वे महिला हेल्पलाइन का नंबर कभी भी मुसीबत आने पर डायल करें। उसका प्रतिक्रिया समय अधिकतम 11 मिनट से कम का है। वहीं यूपी डायल 100 की सेवा के बारे में छात्रों को बताया।



ग्रेटर नोएडा स्थित बिमटेक कॉलेज में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मौजूद एसएसपी डॉ. अजयपाल शर्मा और निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी। • श्रीकुमार बाजपेयी

कार्यक्रम के दौरान बिमटेक के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी, डीन केआर चारी छात्र कल्याण समेत अध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।